(23)

**परियोजना का नामः–** **चार धाम परियोजना (ऑलवेदर रोड) के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग–94(134) कि0मी0 0.00 से 24.300 (धरासू बैंड़ से सिलक्यारा बैड) तक दो लेन चौडीकरण हेतु अतिरिक्त डम्पिगं स्थल एवं लैण्ड स्लाईड जोन के उपचार के लिए वन भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव।**

## प्रारूप–6
## संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट (प्रमाण–पत्र)

प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनांक 06.08.2018 को प्रश्नगत परियोजना के लिए वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव तैयार करने हेतु संयुक्त निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षणं के समय वन विभाग की ओर से श्री सोवत सिहं राणा, वन दरोगा एवं श्री सफरी लाल वन दरोगा अधिकारी धरासू रेंज, राजस्व विभाग की ओर से श्री अरविन्द पंवार उप राजस्व निरीक्षक श्री जय प्रकाश, श्री रामनारायण भट्ट प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री प्रशान्त अग्रवाल, श्री आदित्यधनराज कनि0अभियन्ता श्री चिरंजी लाल, अमीन एवं तथा श्री अंकित नौटियाल सहायक अभियन्ता, रा0मा0खण्ड, लो0नि0वि0, बड़कोट द्वारा संयुक्त निरीक्षण कार्य में भाग लियाँ गया। संयुक्त निरीक्षण के समय पाया गया कि उपरोक्त प्रयोजन हेतु निम्नानुसार वन भूमि धरासू बैंड़ से सिलक्यारा बैड तक चार धाम परियोजना (ऑलवेदर रोड) के अन्तर्गत चौडीकरण निर्माण हेतु अतिरिक्त डम्पिगं एवं लैण्ड स्लाईड ट्रीटमेंन्ट जोन में वन भूमि प्रभावित हो रही है।

आरक्षित वन भूमि 5.566 हे0, सिविल एवं सोयम वन भूमि 0.403 हे0 वन पंचायत भूमि —— हे0 एवं नाप भूमि 0.449 हे0 प्रभावित हो रही है। परियोजना के निर्माण हेतु आवेदित वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है तथा आवेदित वन भूमि प्रस्तावित की मांग न्यूनतम है। परियोजना के निर्माण हेतु प्रस्तावक विभाग द्वारा सुझाये गये अन्य विकल्पों पर भी विचार किया गया व वर्तमान विकल्प/समरेखण को सर्वदा उपयुक्त पाया गया। प्रश्नगत कार्य जनहित में किया जाना है व इस परियोजना के निर्माण से आम जनता एवं देश विदेश से आने वाले पर्यटकों को सुविधा होगी।

आवेदित वन भूमि में वृक्ष 153 प्रभावित हो रहे हैं। अतः 5.969 हे0 वन भूमि का हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित किया जाना है।
(अन्य आवश्यक कोई विवरण जो दिया जाना अपेक्षित हो) भागीरथी की सहायक नदियों के जलागम क्षेत्र (प्रभावित) का उपचार किया जाना एवं वन्य जीव प्रबन्धन योजना का सम्मिलित किया जाना आवश्यक होगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (चिरंजी लाल)<br>अमीन | (आदित्य धनराज)<br>कनि0अभि0 | (प्रशान्त अग्रवाल)<br>कनि0अभि | (अंकित नौटियाल)<br>सहा0अभि0 |
| (सोवत सिह राणा)<br>वन दरोगा | (सफरी लाल)<br>वन दरोगा | (वन क्षेत्राधिकारी)<br>धरासू वन राजि<br>उत्तराकाशी वन प्रभाग | (प्रति हस्ताक्षरित)<br>प्रभागीय वनाधिकारी<br>उत्तरकाशी |